# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 28 दिसम्बर।** कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक दिवसीय अधिवेशन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा एवं मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत सहित राज्य मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, सांसदगण, सांसद प्रत्याशीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटियों के वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यगण, निगम/ बोर्ड/आयोग के चेयरमेनगण/वाईस चेयरमेनगण, पार्टी के जिला प्रमुखगण, प्रधानगण, नगर निकाय के अध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण, विभाग व प्रकोष्ठों के वर्तमान/ निवर्तमान प्रदेशाध्यक्षगण उपस्थित रहे। अधिवेशन में प्रतिभागियों से संवाद किया जाकर आगामी बजट हेतु सुझाव आमंत्रित किये गये तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से 4 प्रस्ताव पारित किये गये।

कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर प्रात: 9 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की शुरूआत की। तत्पश्चात् दोपहर 12:30 बजे जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में अधिवेशन स्थल पर प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने ध्वजारोहण किया तथा कांग्रेस सेवादल ने गॉर्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया।

अधिवेशन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुये प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित द्वितीय वार्षिक अधिवेशन में प्रदेशभर के सभी ब्लॉकों से चुनकर आये पीसीसी डेलीगेटस् एवं राज्य सरकार के मंत्रीमण्डल के सदस्यगण व विधायकगण एवं प्रमुख नेतागण का स्वागत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार को सुझाव देने एवं आमजन के लिये लोककल्याणकारी योजनायें बनाने हेतु उपस्थित सभी कांग्रेसजन अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत करें तथा महत्वपूर्ण सुझावों

2..........

को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपकर आमजन की भावना से अवगत करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ने आमजन के कल्याण हेतु एक से बढ़कर एक योजनायें लागू की हैं तथा बजट प्रावधानों में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सुझावों को समाहित कर आमजनता की भावना के अनुरूप बजट बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूती के साथ जनहित में खड़ा है तथा केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के विरूद्ध चल रहे आन्दोलनों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रमों की क्रियान्विति संगठन द्वारा जोर-शोर से की जायेगी। उन्होंने कहा कि संगठन के खाली पदों को शीघ्र भरने से और अधिक मजबूती के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता जनहित में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी में वरिष्ठ एवं युवा चेहरों का समावेश है जिस कारण अनुभव एवं जोश के साथ कांग्रेस पार्टी कार्य कर रही है।

श्री डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी देश की जनता के लिये लड़ रहे हैं तथा केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती मंहगाई एवं बेरोजगारी तथा समाज में बढ़ रही नफरत, हिंसा के खिलाफ कन्याकुमार से कश्मीर तक भारत जोड़ो पदयात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी की प्रेरणा से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निर्णय लिया है कि हर माह की 28 तारीख को कांग्रेस के सभी नेता एवं कार्यकर्तागण अपने-अपने जिलों में 15 किलोमीटर की पदयात्रा निकालेंगे, जनता से संवाद करेंगे तथा जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निराकरण करवायेंगे।

अधिवेशन को राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा ने सम्बोधित करते हुये कहा कि उन्हें गर्व है कि राजस्थान प्रदेश का प्रभारी बनने के साथ ही प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने का अवसर प्रदान हुआ तथा विधानसभा उप चुनाव में जीत मिली। उन्होंने कहा कि वे आज जो कुछ हैं कांग्रेस पार्टी के ही कारण है। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सबसे पहले पार्टी को मजबूत करने का काम करना होगा, चुनाव में टिकिट मिलना या ना मिलना महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी को कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने हेतु कार्य करना होगा जो कि अनुशासन की पालना करते किया जाये। उन्होंने कहा कि

3..........

वे गलत को गलत एवं सही को सही भी कहेंगे, क्योंकि कांग्रेस पार्टी दिल से चलती है, दबाव से नहीं। उन्होंने कहा कि पार्टी का सुनहरा इतिहास है, देश की आजादी से लेकर देश को मजबूती प्रदान करने का कार्य कांग्रेस नेताओं ने ही किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी में आलाकमान का निर्णय सर्वोपरि होता है तथा पार्टी का अनुशासित सिपाही होने के कारण सभी कांग्रेसजनों का कर्त्तव्य है कि निर्णय का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गॉंधी ने भारत जोड़ो यात्रा के रूप में एक मुहिम शुरू की है जिसमें सभी कांग्रेसजनों को अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गॉंधी के नेतृत्व में सभी कांग्रेसजन समाज को मजबूत करने के कार्य में अपनी भागीदारी निभायें।

श्री रंधावा ने कहा कि मैं राजस्थान का प्रभारी हूँ, किन्तु छोटा हूँ, जो कार्यकर्ता जहॉं चाहेगा, वहां मैं उपलब्ध रहूँगा। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजनों का अस्तित्व कांग्रेस पार्टी से है, इसलिये जो सही होगा, वही निर्णय लागू किया जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने अधिवेशन को सम्बोधित करते हुये कहा कि उन्हें खुशी है कि कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी का अधिवेशन आयोजित हुआ और उसमें राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा भी उपस्थित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शानदार इतिहास है तथा देश निर्माण में कांग्रेस नेताओं अनेक बलिदान दिये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के योगदान एवं बलिदान को देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कारण ही देश में आज लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हुई एवं संविधान बना। उन्होंने कहा कि महात्मा गॉंधी, पं. जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आजाद, बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपतराय जैसे महान् नेताओं जो इतिहास रचा है उसकी विरासत हमें मिली है। उन्होंने कहा कि जो इतिहास जानते हैं वहीं इतिहास बनाते हैं, किन्तु वर्तमान की केन्द्र सरकार इतिहास को तोड़-मरोड़ रही है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गॉंधी देश बढ़ती मंहगाई एवं बेरोजगारी के विरूद्ध भारत जोड़ो यात्रा निकालकर लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में समाज जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों से होकर भारत जोड़ो यात्रा नहीं निकल रही है, वहां भी यह संदेश है कि श्री राहुल गॉंधी आमजन के हितों के लिये लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासन का अनुसरण करते हुये ही पार्टी को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने

4..........

कहा कि आज देश में नफरत का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आग लगाना आसान है लेकिन बुझाना मुश्किल होता है, आग भले ही दिल में लगे या कहीं ओर, खराब होती है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गॉंधी ने नारा दिया है कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूँ, इस एक वाक्य से पूरे देश ने भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य को समझ लिया है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं की जिम्मेदारी है कि समाज में प्रेम और भाईचारा बढ़ाने हेतु मोहब्बत की दुकान खोलें तथा प्रतिमाह 15 किलोमीटर की पदयात्रा अपने-अपने जिलों में निकालें। उन्होंने स्वयं भी पदयात्रा में शामिल होने की बात कही।

श्री गहलोत ने कहा कि भाजपा प्रदेश की कांग्रेस सरकार के विरूद्ध अफवाहें फैला रही है किन्तु भाजपा नेता भी जानते हैं कि प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजन, पीसीसी डेलीगेटस्, पदाधिकारीगण द्वारा दिये गये सुझाव महत्वपूर्ण हैं तथा जो भावनायें अधिवेशन में प्रकट की गई हैं उन्हें बजट में शामिल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार बने इसके लिये कार्य करने का संकल्प लेकर सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता गॉंव-गॉंव एवं ढाणी-ढाणी जायें तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई वर्ग वंचित ना रहे यह सुनिश्चित करें।

अधिवेशन में पंजाब प्रभारी श्री हरीश चौधरी, एआईसीसी प्रवक्ता श्री मोहन प्रकाश, सचिव श्री कुलदीप इन्दौरा, सांसद श्री नीरज डांगी, विधायक श्री रामलाल मीणा, श्री गणेश घोघरा, श्री गजेन्द्रसिंह सांखला, श्री श्रवण पटेल, श्री महेन्द्र गहलोत, श्री हेमसिंह शेखावत, श्री शेरसिंह, श्री हरसहाय यादव, श्री उम्मेद सिंह, श्री सत्येश शर्मा, श्री दिनेश सूण्डा, श्रीमती सुनीता गठाला, श्री महावीर राजपुरोहित, श्री पूसाराम गोदारा, श्री राजेन्द्र व्यास, श्री नईमुद्दीन गुड्डू, श्रीमती सरिता चौहान, श्री सोहन ढिल, श्री आजाद सिंह ने अपने विचार रखे।

अधिवेशन में प्रस्ताव संख्या 1 राज्य सरकार के मंत्री श्री गोविन्द राम मेघवाल ने प्रस्तुत किया जिसका अनुमोदन राज्यमंत्री श्री अशोक चांदना ने किया। केन्द्र सरकार की विफलताओं पर निन्दा प्रस्ताव मंत्री श्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने प्रस्तुत किया जिसका अनुमोदन मंत्री श्री भजनलाल जाटव ने किया। श्री राहुल गॉंधी द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रा के माध्यम से देशवासियों

5..........